# सबसे महत्त्वपूर्ण
# नियम व शर्तें
Version 1.48

HDFC BANK
We understand your world

## 1. शुल्क व प्रभार

### A. कार्ड धारक द्वारा क्रेडिट कार्ड पर देय शुल्क

- वार्षिक शुल्क • नवीनीकरण शुल्क

प्रत्येक कार्ड धारक तथा एक प्रस्ताव से दूसरे प्रस्ताव के लिए शुल्क भिन्न-भिन्न हो सकता है. क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते समय कार्ड धारक को यह बात बता दी जाती है. यथा लागू उपर्युक्त शुल्क की बिलिंग कार्ड खाते से की जाती है तथा जिस महीने में इसे प्रभारित किया जाता है उस महीने के कार्ड विवरण में इसका उल्लेख किया जाता है.

### B. नकद अग्रिम शुल्क

कार्ड धारक भारत या विदेश में आपातकाल में एटीएम से नकदी निकालने के लिए कार्ड का उपयोग कर सकता है. आहरित धनराशि पर 2.5% (न्यूनतम रु. 300/-) का लेनदेन शुल्क लगाया जाएगा तथा अगले विवरण में कार्ड धारक से इसकी बिलिंग की जाएगी. लेन देन शुल्क एचडीएफसी बैंक के विवेकानुसार परिवर्तनीय है. सभी नकद अग्रिमों पर वित्त प्रभार भी लगेगा जो पूर्ण भुगतान करने की तिथि तक आहरण की तिथि से आवर्ती क्रेडिट (कृपया प्रभार तालिका का संदर्भ लें) के बराबर होगा. वित्त प्रभार एचडीएफसी बैंक के विवेकानुसार परिवर्तनीय है.

### C. प्रभार

(i) कार्ड धारक को एचडीएफसी बैंक द्वारा उपलब्ध कराई गई विशिष्ट सेवाओं के लिए या अपने कार्ड खाते के संदर्भ में कार्ड धारक द्वारा की गई चूकों के लिए कार्ड धारक द्वारा समय-समय पर यथा लागू प्रभार तथा शुल्क देय होंगें.

(ii) एचडीएफसी बैंक ग्राहक को उचित सूचना के साथ समय-समय पर किसी भी प्रभार या शुल्क में परिवर्तन करने या किसी भी नए प्रभार या शुल्क का प्रचलन करने, जैसा वह उचित समझे, का अधिकार रखता है.

### D. ब्याज मुक्त अवधि

विशिष्ट क्रेडिट कार्ड पर लागू योजना (कृपया प्रभार तालिका का सदर्भ लें) तथा विक्रेता द्वारा दावों की प्रस्तुति के विषयाधीन ब्याज मुक्त क्रेडिट अवधि 20 से 50 दिनों के बीच हो सकती है. तथापि, यह लागू नहीं होगी यदि पिछले माह की शेषराशि पूरी तरह से नही चुकाई गई है या यदि कार्ड धारक ने एटीएम से नकदी का लाभ लिया है. उदाहरण के लिए, एचडीएफसी बैंक प्लैटिनम प्लस कार्ड की ब्याज मुक्त क्रेडिट अवधि 50 दिनों तक होती है. इसका मतलब यह है कि जिस ग्राहक की बिलिंग की तिथि महीने की 4 तारीख को होती है वह अपने कार्ड पर 5 अप्रैल से लेकर 4 मई तक खर्च कर सकता है, उसका बिल 4 मई को जारी किया जाएगा और उसके भुगतान की अंतिम तिथि 24 मई होगी. इसलिए 14 अप्रैल को की गई खरीदारी के लिए क्रेडिट अवधि 41 दिनों की होगी जबकि 2 मई को की गई खरीदारी के लिए क्रेडिट अवधि 23 दिनों की होगी. यह अवधि केवल तभी ब्याज मुक्त होगी यदि पिछली सभी देयताओं का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है तथा गत महीनों से भुगतान न किया गया कोई शेष आगे नहीं लाया गया है.

## 2. सीमाएँ

एचडीएफसी बैंक अपने पूर्ण विवेकाधिकार पर कार्ड धारक की क्रेडिट सीमा और नकदी आहरण की सीमा निर्धारित करेगा. (एड-ऑन कार्ड धारक भी इसी सीमा के भाग होंगे). कार्ड धारक को कार्ड दिए जाते समय तथा मासिक विवरणों में इन सीमाओं की सूचना दी जाती है. विवरण जारी करने के समय उपलब्ध क्रेडिट सीमा मासिक विवरण के भाग के रुप में उपलब्ध कराई जाती है. एचडीएफसी बैंक समय-समय पर कार्ड धारक के खाते की समीक्षा करता है तथा आंतरिक मानदंडों के आधार पर कार्ड धारक की क्रेडिट सीमा में कमी कर सकता है. इस प्रकार के मामलों में बैंक एसएमएस / ई मेल द्वारा, इसके कारण सहित तत्काल सूचना देगा उसके बाद लिखित में भी पुष्टि करेगा. जो कार्ड धारक अपनी क्रेडिट सीमा में वृद्धि करवाना चाहते हैं वे बैंक को लिखकर तथा अपनी आय की घोषणा करने वाले वित्त प्रलेखों को उपलब्ध करवाकर ऐसा कर सकते हैं. बैंक अपने पूर्ण विवेकाधिकार पर तथा उपलब्ध करवाए गए इस प्रकार के नए दस्तावेजों के आधार पर कार्ड धारक की क्रेडिट सीमा बढ़ा सकता है.

## 3. वित्त प्रभार

- कार्ड धारक द्वारा अपनी पूरी शेषराशि का भुगतान नहीं करने का विकल्प चुनने की स्थिति में और कार्ड धारक द्वारा लिए गए सभी नकद अग्रिमों पर जब तक उनका पुर्नभुगतान नहीं कर दिया जाता है, लेन-देन की तिथि से सभी लेनदेनों पर मासिक प्रतिशत की दर से वित्त प्रभार देय होंगे. कार्ड पर बकाए का पूरा भुगनान न हो जाने तक वित्त प्रभार, यदि देय है, कार्ड धारक के खाते से लिया जाता है.

- नकद अग्रिमों पर वित्त प्रभार लेन देन की तिथि से लेकर पूरा भुगतान न

करने तक लागू होता है.

- ग्राहक जब किसी बकाया धनराशि को अग्रेषित करता है या नकद अग्रिम का लाभ लेता है तो औसत दैनिक शेषराशि पद्धति के अनुसार गणना किया गया वित्त प्रभार अग्रेषित शेषराशि तथा नई बिलिंग पर लागू होता है.

- कार्ड धारक यदि एचडीएफसी बैंक की आवर्ती क्रेडिट सुविधा का उपयोग करता है और इसलिए मासिक बिलिंग विवरण में दर्शाई गई देय कुल धनराशि से कम धनराशि का भुगतान करने का विकल्प चुनता है, तो समूची बकाया धनराशि पर वित्त प्रभार लगता है तथा सभी नए लेनदेनों पर भी ऐसे समय तक वित्त प्रभार लगता है, जब तक कि पिछली बकाया धनराशि का पूरा भुगतान नहीं कर दिया जाता है.

- विलंब भुगतान प्रभार लागू होगा यदि भुगतान की अंतिम तिथि तक देय न्यूनतम धनराशि का भुगतान नहीं किया जाता है, विलंब भुगतान प्रभार से बचने के लिए भुगतान की अंतिम तिथि को या पहले क्लियर फंड एचडीएफसी बैंक कार्ड खाते में जमा किया जाना चाहिए. विलंब भुगतान प्रभार इस प्रकार लागू होंगें :

| *विवरण शेष* | *विलंब भुगतान प्रभार* |
|---|---|
| रू. 100/- से कम | – शून्य |
| रु. 100/- से रु. 500/- तक | – रू. 100/- |
| रु. 501/- से रु. 5,000/- तक | – रु. 400/- |
| रु. 5001/- से रु. 10,000/- तक | – रु. 500/- |
| रु. 10,001/- से रु.20,000/- तक | – रु. 500/- (रु. 700/- 1 जनवरी 2016 से प्रभावी) |
| रु. 20,001/- और अधिक | – रु. 700/- |

- रू. 100/- से कम क्रेडिट सीमा से अधिक कुल बकाए पर न्यूनतम रु. 500/- के अधीन अधिसीमा धनराशि के 2.5% की दर से अधिसीमा प्रभार लागू होगा.

**निम्नलिखित उदाहरण विभिन्न शुल्कों की गणना करने की विधि दर्शाता है.**

मान लीजिए कि आपने अपनी पिछली सारी देयताओं का पूरा भुगतान कर दिया है और आपके प्लैटिनम प्लस कार्ड खाते में कोई बकाया धनराशि नहीं है. आपकी विवरण तिथि प्रत्येक माह की 18 तारख है. अपने कार्ड खाते पर आपने जो लेनदेन किए हैं, उनकी सूची निम्नानुसार है.

| दिनांक | लेनदेन | धनराशि |
|---|---|---|
| 10 अप्रैल | घरेलू सामान की खरीददारी | रु. 15,000/- |
| 15 अप्रैल | परिधान और एक्सेसरीज की खरीददारी | रु. 5000/- |
| 18 अप्रैल | विवरण तिथि | कुल देय धनराशि = रु. 20,000/- न्यूनतम देय धनराशि = रु. 1000/- |
| 12 मई | कार्ड खाते में भुगतान (बिलंब भुगतान प्रभार यहाँ लागू होगा) | रु. 2000/- (क्रेडिट) |
| 14 मई | परचून समान की खरीददारी | रु. 1000/- |
| 15 मई | कार्ड खाते में भुगतान | रु. 15,000/- (क्रेडिट) |

इस प्रकार, विवरण तिथि 18 मई को निम्नलिखित आपके द्वारा देय कुल धनराशि के घटकों के रुप में परिलक्षित होगा.

गणना किया गया ब्याज = (बकाया धनराशि **X** 3.40% प्रति माह **X** 12 महीने **X** दिनों की संख्या) / 365

विलंब भुगतान प्रभार = रू. 500 /-

इसलिए,

a) 19 अप्रैल से 11 मई (यानी 23 दिनों के लिए) 3.49% प्रति माह की दर से रु. 15000/- पर ब्याज = रु. 395.85/-

12 मई से 14 मई (यानी 3 दिनों के लिए) 3.49% प्रति माह की दर से रु. 13000/- पर ब्याज = रु. 44.75/-

19 अप्रैल से 14 मई (यानी 26 दिनों के लिए) 3.49% प्रति माह की दर से रु. 5000/- पर ब्याज = रु. 149.16/-

15 मई से 18 मई (यानी 4 दिनों के लिए) 3.49% प्रति माह की दर से रु. 3000/- पर ब्याज = रु. 13.77/-

14 मई से 18 मई (यानी 5 दिनों के लिए) 3.49% प्रति माह की दर से रु. 1000/- (नवीन व्यय) पर ब्याज = रु. 5.74/-

इस पकार कुल ब्याज रु. 609.27/-

b) विलंब भुगतान प्रभार = रु. 500/-

c) ब्याज तथा अन्य प्रभारों पर 14% की दर से सेवा कर, 0.5% की दर से स्वच्छ भारत उपकर और कृषि कल्याण उपकर

= रु. 166.39/-

d) कुल बकाया मूल धनराशि = रु. 4000/- (रु.1000/- नवीन व्यय + पिछले महीने की बिलिंग अवधि से रु. 3000/- की बकाया शेषराशि)

इसलिए, कुल देय धनराशि = (A) + (B) + (C) + (D)= रु. 5275.70/-

यह ध्यान रखें कि वित्त प्रभार तथा अन्य प्रभार एचडीएफसी बैंक के विवेकानुसार परिवर्तनीय हैं.

इसके साथ ही यह भी जान लें कि यदि कार्ड धारक खाते की क्रेडिट सीमा को पार करता है तो खाते पर अधिसीमा प्रभार लगाया जाएगा, विशिष्ट स्थितियों में लगाए जा सकने वाले प्रभारों की सूची के लिए, कृपया इस दस्तावेज के अंत में उपलब्ध प्रभार तालिका देखें.

## 4. बिलिंग और विवरण

A. एचडीएफसी बैंक कार्ड धारक को पिछले विवरण के बाद से कार्ड धारक के खाते में क्रेडिट किए गए भुगतानों तथा डेबिट किए गए लेनदेनों को दर्शानेवाला मासिक विवरण भेजेगा. बैंक के पास दर्ज पते पर बैंक पूर्वनिर्धारित तिथि पर हर महीने कार्ड खाते में किए गए लेनदेनों का विवरण मेल करेगा. यदि बकाया शेषराशि रु. 200/- से कम होगी तथा पिछले विवरण के बाद से आगे कोई लेनदेन लंबित बिलिंग नहीं होगा तो कोई विवरण जारी नहीं किया जाएगा.

B. एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए आवर्ती क्रेडिट की सुविधा प्रदान करता है. कार्ड धारक चाहे तो विवरण पर छपी न्यूनतम देय धनराशि का भुगतान कर सकता है. बकाया शेषराशि अनुवर्ती विवरणों में अग्रेषित की जा सकती है. कार्ड धारक चाहे तो समस्त देय राशि या न्यूनतम देय धनराशि से ऊपर धनराशि के किसी भाग का भुगतान कर सकता है. इस प्रकार का भुगतान भुगतान की अंतिम तिथि से पहले कर दिया जाना चाहिए. विलंब भुगतान प्रभार से बचने के लिए भुगतान की अंतिम तिथि को या पहले क्लियर फंड एचडीएफसी बैंक कार्ड खाते में जमा किया जाना चाहिए. भुगतान की अंतिम तिथि के भीतर कार्ड खाते पर भुगतान दर्शाया जाना सुनिश्चित करने के लिए कार्ड धारकों को भुगतान की अंतिम तिथि से काफी पहले अग्रिम में स्थानीय चेक जमा करने की सलाह दी जाती है. पिछले विवरणों की देय कोई भी भुगतान न की गई न्यूनतम धनराशि कार्ड धारक की क्रेडिट सीमा से पार जाने वाले बकाया के अतिरिक्त कार्ड धारक की वर्तमान देय न्यूनतम धनराशि में जोड़ दी जाएगी.

C. कार्ड के बकाए के प्रति किए गए भुगतान अनुवर्ती विवरणों में अभिस्वीकृत किए जाते हैं.

D. कार्ड धारक के कार्ड बकाया के प्रति प्राप्त भुगतान सभी करों, शुल्कों और अन्य प्रभारों, ब्याज प्रभारों, नकदी अग्रिम तथा खरीददारियों के प्रति उक्त क्रम में समायोजित किए जाएंगें.

E. निम्नलिखित में से किसी भी तरीके से कार्ड खाते में भुगतान किया जा सकता है :

(i) यदि कार्ड धारक का एचडीएफसी बैंक में खाता है तो वह नेटबैंकिंग, एटीएम या फोन बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर सकता है.

(ii) यदि कार्ड धारक का एचडीएफसी बैंक में खाता है तो वह स्थाई अनुदेश सुविधा का विकल्प चुन सकता है जहां से धनराशि कार्ड धारक के एचडीएफसी बैंक खाते से देय तिथि को कार्ड धारक के कार्ड खाते में स्वत: अंतरित हो सकती है.

(iii) ग्राहक दूसरे बैंक के खाते से भी एनईएफटी फंड ट्रांसफर मोड के माध्यम से भुगतान कर सकता है.

(iv) यदि कार्ड धारक का एचडीएफसी बैंक में खाता नहीं है तो वह दूसरे बैंक के नेट बैंकिंग खाते का प्रयोग करके बिल डेस्क सुविधा के माध्यम से भुगतान कर सकता है.

(v) एचडीएफसी बैंक शाखाओं तथा एटीएम में रखे गए एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड ड्रॉप बॉक्स में भुगतान विलेख (चैक या ड्राफ्ट) डालकर. चैक/ड्राफ्ट एचडीएफसी बैंक कार्ड नं. xxxx xxxx xxxx xxxx के पक्ष में देय होना चाहिए.

(vi) बैंक शाखाओं में नकद भुगतान के माध्यम से.

F. बिलिंग विवाद : यदि कार्ड धारक विवरण की तिथि के 60 दिनों के भीतर लिखित में विसंगतियों की सूचना एचडीएफसी बैंक को नहीं देता है तो विवरण की समस्त सामग्री को सही तथा स्वीकृत माना जाएगा. ऐसी सूचना की प्राप्ति पर एचडीएफसी बैंक जांच को लंबित रखते हुए अस्थाई आधार पर प्रभार का प्रत्यावर्तन कर सकता है. अनुवर्ती जांचों के पूरा हो जाने पर यदि इन प्रभारों का दायित्व कार्डधारक के खाते पर जाता है, तो प्रभार का संबद्ध पुन:प्रापण अनुरोध प्रभार सहित अनुवर्ती विवरण में फिर से उल्लेख किया जाएगा. साठ दिनों की अधिकतम अवधि के भीतर ग्राहक/कों से विवाद की प्राप्ति होने पर, बैंक, जहां भी लागू होगा और वीजा / मास्टर कार्ड / डाइनर्स क्लब आदि जैसे संबंधित फ्रेंचाइजी द्वारा निर्धारित परिचालनात्मक दिशानिर्देशों के विषयाधीन सदस्य बैंक से प्राप्त आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएगा.

G. संपर्क विवरण : कार्ड धारक कोई भी पूछताछ करने या किसी भी

शिकायत के समाधान के लिए एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से संपर्क कर सकता है :

- 24 घंटे ग्राहक सेवा कॉल सेन्टर के माध्यम से – इस दस्तावेज के अंत में और मासिक विवरण के पीछे फोन नंबरों की विस्तृत सूची उपलब्ध है.
- मेल के माध्यम से – प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक कार्डस डिविज़न, पी.ओ. बॉक्स 8654, तिरूवनमियूर, चेन्नई – 600 041
- ई–मेल द्वारा customerservices.cards@hdfcbank.com

**5. चूक (डिफॉल्ट)**

चूक की स्थिति में कार्ड खाते पर किसी भी बकाए के निपटान के लिए कार्ड धारक को समय–समय पर डाक, फैक्स, टेलीफोन, ई–मेल, एसएमएस संदेश द्वारा अनुस्मारक भेजे जाएंगे तथा/या याद दिलाने, अनुवर्ती कार्रवाई करने तथा देयताओं को एकत्र करने के लिए अन्य पक्ष की सेवाएं ली जाएंगी. इस प्रकार नियुक्त कोई भी अन्य पक्ष ऋण की वसूली पर आचार संहिता का पूरा पालन करेगा.

**6. ग्रहणाधिकार**

यदि बैंक द्वारा माँगे जाने पर कार्ड खाते पर शेषराशि का निर्धारित समय सीमा के भीतर पुर्नभुगतान नहीं किया जाता है तो बैंक के पास किसी भी समय और बिना सूचना दिए कार्ड धारक से संबंधित समस्त धन अलग रखने तथा/या बैंक के किसी खाते/अभिरक्षा में उनकी जो भी जमा हो उस से सारी धनराशियाँ निकालने का ग्रहणाधिकार तथा अधिकार होगा.

**7. कार्ड धारकता का समापन / प्रतिसंहरण**

A. कार्ड धारक टुकड़ों में तिरछे काटे गए कार्ड के साथ निम्नलिखित पते पर एचडीएफसी बैंक को लिखकर किसी भी समय कार्ड धारकता समाप्त कर सकता है : ''प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्डस, पी.ओ. बॉक्स 8654, तिरूवनमियूर, चेन्नई – 600 041. एड–ऑन कार्डों सहित सभी कार्ड लिखित अनुरोध के आधार पर समाप्त कर दिए जाएंगे. समापन काटे गए कार्ड तथा कार्ड खाते में बकाया समस्त धनराशियों का भुगतान कर दिए जाने पर ही प्रभावी होगा. समानुपातिक आधार पर कोई वार्षिक, सम्मिलन या नवीनीकरण शुल्क वापस नहीं किया जाएगा.

B. यदि बैंक कार्ड के उपयोग में असामान्य या अस्वाभाविक लेनदेन का पैटर्न पाता है तो बैंक कार्ड के लेनदेन की निष्कपटता का सत्यापन करने के लिए अपने रिकॉर्ड में उपलब्ध ग्राहक के पंजीकृत फोन नंबर पर ग्राहक से संबंध स्थापित करने का प्रयास करेगा. बैंक की ओर से ग्राहक से संबंध स्थापित करने में विफलता की स्थिति में यदि बैंक उचित रूप से विश्वास करता है कि यह ग्राहक के हित में या सुरक्षा कारणों से आवश्यक है तो बैंक आगे और कोई सूचना दिए गए बिना कार्ड का उपयोग प्रतिबंधित/समाप्त कर सकता है. यदि कार्ड धारक देय भुगतान में चूक करता है या बढ़ाई गई क्रेडिट सीमा से ऊपर चला जाता है तो एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड पर सुविधा निलंबित कर सकता है. करार समाप्त हो जाने के बाद या यदि कार्ड खाता निलंबित कर दिया गया है तो कार्ड का उपयोग बिल्कुल नहीं किया जाना चाहिए.

C. ऐसी स्थिति में, कार्ड धारक द्वारा (किसी चूक या विधि द्वारा अपेक्षित अन्य सूचनाओं के विषयाधीन) एचडीएफसी बैंक को तत्काल कुल बकाया शेषराशि का भुगतान कर दिया जाना चाहिए. इसमें अभी तक खाते पर नहीं प्रभारित समस्त लेनदेन तथा अन्य धनराशियों सहित करार के अन्तर्गत एचडीएफसी बैंक को देय सभी धनराशियां शामिल हैं. कार्ड धारक द्वारा देय ऐसी सभी धनराशियों का भुगतान न होने तक कार्ड को बंद नहीं माना जाएगा.

D. कार्ड धारक की मृत्यु या अक्षमता, कार्ड धारक के नैगमिक निकाय के दिवालिएपन / विघटन / दिवालिएपन / या समापन से कार्ड धारक को जारी कार्ड के साथ कोई भी एड–ऑन कार्ड स्वत: निरस्त हो जाएगा. कार्ड खाता किसी सरकारी / नियामकीय निकाय से निर्देश मिलने पर भी निलंबन के अधीन होगा. मृत्यु या अक्षमता, दिवालिएपन, दिवाला, समापन या सरकारी / नियामकीय निकाय से निर्देश मिलने पर, जैसी भी स्थिति हो, कार्ड खाते पर बकाया सभी राशियाँ तुरंत देय हो गई मानी जाएँगी और बैंक सभी बकाया राशियों का अबिलंब भुगतान करने के लिए कार्ड धारक के दायित्व से पूर्वाग्रह किए बिना तत्समय प्रभावी प्रासंगिक कानूनों के अनुसार इसकी वसूली करने का हकदार होगा.

**8. कार्ड का खोना / चोरी होना / या दुरुपयोग होना**

A. यदि प्राथमिक या कोई एड–ऑन क्रेडिट कार्ड मिल नहीं रहा है, खो गया है, चोरी हो गया है, विकृत हो गया है, या तय समय पर नहीं मिला है, या यदि उसे संदेह है कि क्रेडिट कार्ड का प्रयोग कार्ड धारक की अनुमति के बिना किया जा रहा है, तो कार्ड धारक को तुरंत 24 घंटे कार्यरत कॉल सेंटर को सूचित करना चाहिए. एक बार कार्ड के खो जाने की सूचना दे देने के बाद, यदि बाद में कार्ड धारक को मिल भी जाता है, तो भी किसी भी स्थिति में उसका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए. चूंकि एड–ऑन कार्ड प्राथमिक कार्ड खाते पर दी गई विस्तारित सुविधा है, इसलिए प्राथमिक कार्ड के खो जाने की सूचना देने पर एड–ऑन कार्ड अमान्य माना जाता है. इसी तरह से, यदि एड–ऑन कार्ड खो जाने की सूचना दी जाती है तो प्राथमिक कार्ड खाता तथा अन्य एड–ऑन कार्ड अमान्य

हो जाते हैं.

B. कार्ड खो जाने की सूचना देने से पहले कार्ड खाते पर किए गए किसी भी लेनदेन के लिए बैंक उत्तरदायी या जिम्मेदार नहीं है और इसके लिए कार्ड धारक पूरी तरह से जिम्मेदार होगा. बैंक द्वारा खो जाने की उचित सूचना की प्राप्ति के बाद ही कार्ड धारक का अनुवर्ती दायित्व शून्य होता है. कार्ड के खो जाने या चोरी हो जाने के बारे में एचडीएफसी बैंक को अधिसूचित करने के आलावा, *कार्ड धारक को पुलिस को कार्ड के खोने या चोरी हो जाने की सूचना अवश्य देनी चाहिए तथा एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए और पुलिस शिकायत की अभिस्वीकृत प्रति उपलब्ध करानी चाहिए.*

C. कार्ड धारक या अतिरिक्त कार्ड धारक की सहमति से पिन या कार्ड प्राप्त करने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा कार्ड के दुरुपयोग की स्थिति में समस्त हानियों के लिए कार्ड धारक ही उत्तरदायी होगा.

D. कार्ड धारक ने यदि कदाचारपूर्ण ढंग से कार्य किया है तो कार्ड धारक होने वाली सभी हानियों के लिए उत्तरदायी होगा. कार्ड धारक यदि बिना उचित सावधानी के कार्य करता है तो कार्ड धारक होने वाली सभी हानियों के लिए उत्तरदायी हो सकता है.

E. एचडीएफसी बैंक कार्ड धारक या किसी अतिरिक्त कार्ड धारक को बताए बिना पुलिस या अन्य संगत प्राधिकारियों को कोई भी ऐसी जानकारी दे सकता है जो एचडीएफसी बैंक कार्ड या पिन के खो जाने, चोरी होने या दुरुपयोग के सबंध में प्रासंगिक मानता है .

### 9. रिवॉर्ड पॉइंटस की वैधता

रिवॉर्ड पॉइंट संचय की तिथि से केवल 2 वर्षों के लिए मान्य हैं. उदाहरण के लिए यदि आपने मई 2015 के महीने में रिवार्ड पॉइंट प्राप्त किया है तो यह मई 2017 में समाप्त हो जाएगा.

### 10. शिकायत प्रकोष्ठ

बैंक से हाल ही में किए गए किसी भी संपर्क से प्राप्त उत्तर से संतुष्ट न होने की दुर्लभ स्थिति में आप लिख सकते हैं – प्रबंधक, शिकायत प्रकोष्ठ, एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड प्रभाग, 8, लैटिस ब्रिज रोड, तिरुवनमियूर, चेन्नई – 600 041 या सोमवार से शुक्रवार 9.30 बजे सुबह से शाम 5.30 बजे तक हम से फोन : 044-23625600 पर संपर्क कर सकते हैं.

### 11. प्रकटीकरण

कार्ड धारक स्वीकार करता/करती है कि विद्यमान व्यवसायिक प्रथाओं के अनुसार, बैंक ग्राहक को कोई सूचना दिए बिना समय–समय पर क्रेडिट कार्ड (कार्डों) से संबंधित किसी भी जानकारी का किसी भी क्रेडिट ब्यूरो (विद्यमान या भावी) से खुलासा कर सकता है. क्रेडिट इन्फोर्मेशन ब्यूरो इन्डिया लि. (सीआईबीआईएल) वित्तीय प्रणाली के कामकाज तथा स्थायित्व में सुधार लाने हेतु भारत सरकार तथा भारतीय रिज़र्व बैंक की एक पहल है. इस पहल में भाग लेने वाले सभी बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों के लिए सीआईबीआईएल / क्रेडिट ब्यूरो से ग्राहक की जानकारी साझा करना आवश्यक है और साख सूचना कंपनियाँ विनियमन अधिनियम, 2005 के अर्थों में यह जानाकरी उपलब्ध करवाई जा रही है. इसे दृष्टिगत रखते हुए हम कार्डधारक को सूचित करना चाहते हैं कि यदि उचित सूचना सहित कार्ड अतिदेय है तो बैंक ग्राहक द्वारा की गई क्रेडिट कार्ड (कार्डों) संबंधी चूक से संबंधित किसी भी जानकारी का सीआईबीआईएल तथा किसी अन्य क्रेडिट ब्यूरो (विद्यमान या भावी) से खुलासा कर सकता है. अतिदेय कार्ड खाते के प्रति भुगतान की प्राप्ति होने पर कोई भी नया / अद्यतन डेटा बैंक द्वारा भुगतान की प्राप्ति होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर सीआईबीआईएल / अन्य क्रेडिट ब्यूरो में परिलक्षित होगा. कार्ड धारक को हम सूचित करना चाहते हैं कि बैंक अपने स्वयं के विवेकानुसार शिकायत संबंधी बातचीत या भुगतान–वसूली–संबंधी बातचीत या कोई अन्य बातचीत, जिसे बैंक ठीक समझे, की स्थिति में कार्ड धारक तथा बैंक के प्रतिनिधि के बीच होने वाली बातचीत रिकॉर्ड करेगा. चुनिंदा क्रेडिट कार्ड संस्करणों में कार्ड पर पूरक बीमा सुरक्षा भी है. पॉलिसी का कवरेज क्रेडिट कार्ड के सेट अप की तिथि से शुरू होता है. और अधिक जानकारी और नियमों व शर्तों के लिए उपयोग मार्गदर्शिका देखें. वन असिस्ट से पहले वर्ष की पूरक सदस्यता चुनिंदा क्रेडिट कार्ड संस्करणों के लिए उपलब्ध कराई जाती है. सदस्यता पंजीकरण आपके क्रेडिट कार्ड की डिलीवरी के एक सप्ताह के भीतर होगा. और अधिक जानकारी के लिए वेलकम किट का संदर्भ लें.

### 12. क्षेत्रीय भाषाओं में सबसे महत्वपूर्ण नियम व शर्तें

क्षेत्रीय भाषाओं में सबसे महत्वपूर्ण नियमों व शर्तों पर जानकारी के लिए www.hdfcbank.com पर जाएँ. उपलब्ध विकल्प

1) हिंदी 2) कन्नड़ 3) मलयालम 4) तेलुगु 5) तमिल 6) बंगाली 7) मराठी 8) गुजराती 9) पंजाबी 10) ओड़िया 11) असमी 12) उर्दू 13) सिंधी.

# प्रभार तालिका

| प्रभारों का विवरण | जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक डाइनर्स क्लब / रिगेलिया / बिजनेस रिगेलिया / डॉक्टर्स रिगेलिया / डाइनर्स क्लब प्रीमियम / जेट प्रिविलेज वर्ल्ड / ऑल माइल्स / डॉक्टर सुप्रिया | डाइनर्स क्लब रिवार्ड्स / टाइम्स प्लेटिनम कार्ड / जेट प्रिविलेज प्लेटिनम / सॉलिटेयर / प्लेटिनम एज / मनी बैक / बिजनेस मनी बैक / जेट प्रिविलेज टाइटेनियम / टाइम्स टाइटेनियम कार्ड / टीचर्स प्लेटिनम / बिजनेस प्लेटिनम / स्नैपडील एचडीएफसी बैंक कार्ड |
|---|---|---|
| ब्याज मुक्त अवधि | 50 दिन तक | 50 दिन तक |
| न्यूनतम पुनर्भुगतान धनराशि | 5%, न्यूनतम रु. 200/- | 5%, न्यूनतम रु. 200/- |
| नकद अग्रिम सीमा | क्रेडिट सीमा का 40% | क्रेडिट सीमा का 40% |
| वार्षिक/नवीनीकरण शुल्क | रिगेलिया / बिजनेस रिगेलिया / डॉक्टर्स रिगेलिया – रू. 2500/- रू. 2500/-<br>डाइनर्स क्लब प्रीमियम – रू. 2500/-<br>जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक वर्ल्ड – रू. 2500/-<br>ऑल माइल्स / डॉक्टर्स सुप्रिया – रू. 1000/-<br>जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक डाइनर्स क्लब – रू. 10000/- रू. 5000/- | डाइनर्स क्लब रिवार्ड्स – रू. 1000/-<br>जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक प्लेटिनम / टाइम्स प्लेटिनम कार्ड – रू. 1000/-<br>सॉलिटेयर / प्लेटिनम एज / मनी बैक / जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक टाइटेनियम – रू. 500/-<br>टाइम्स टाइटेनियम कार्ड / टीचर्स प्लेटिनम / बिजनेस मनी बैक / स्नैपडील एचडीएफसी बैंक कार्ड – रू. 500/-<br>बिजनेस प्लेटिनम – रू. 299/- |
| नीचे दिए गए लेनेदनों को छोड़कर वार्षिक प्रभारों की छूट के लिए खर्च की शर्तें<br>• माँग पर नकदी<br>• शेषराशि अंतरण<br>• नकद निकासी | **बिजनेस प्लेटिनम**<br>कार्ड सेट अप की तिथि से 90 दिनों के भीतर रू. 5000/- खर्च करें और पहले वर्ष का सदस्यता शुल्क वापस प्राप्त करें.<br>एक वर्ष में रू. 30,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**सॉलिटेयर / टाइटेनियम एज / प्लेटिनम एज / मनी बैक / बिजनेस मनी बैक**<br>कार्ड सेट अप की तिथि से 90 दिनों के भीतर रू. 10,000/- खर्च करें और पहले वर्ष के सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>एक वर्ष में रू. 50,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**ऑल माइल्स / डॉक्टर्स सुप्रिया / डाइनर्स क्लब रिवार्ड्स**<br>कार्ड सेट अप की तिथि से 90 दिनों के भीतर रू. 15,000/- खर्च करें और पहले वर्ष के सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>एक वर्ष में रू. 1,00,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**रिगेलिया / बिजनेस रिगेलिया / डॉक्टर्स रिगेलिया / डाइनर्स क्लब प्रीमियम**<br>कार्ड सेट अप की तिथि से 90 दिनों के भीतर रू. 40,000/- खर्च करें और पहले वर्ष के सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>एक वर्ष में रू. 3,00,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक टाइटेनियम / टाइम्स टाइटेनियम कार्ड / स्नैपडील एचडीएफसी बैंक कार्ड**<br>एक वर्ष में रू. 1,50,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक प्लेटिनम / टाइम्स प्लेटिनम कार्ड**<br>एक वर्ष में रू. 2,50,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक वर्ल्ड**<br>एक वर्ष में रू. 3,00,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें.<br>**टीचर्स प्लेटिनम**<br>कार्ड सेट अप की तिथि से 90 दिनों के भीतर रू. 10,000/- खर्च करें और पहले वर्ष का सदस्यता शुल्क वापस प्राप्त करें.<br>एक वर्ष में रू. 30,000/- खर्च करें और अगले वर्ष के वार्षिक सदस्यता शुल्क में छूट प्राप्त करें. | |
| अतिरिक्त कार्ड का शुल्क | आजीवन निशुल्क (3 अतिरिक्त कार्ड तक) | |
| रिवॉल्विंग क्रेडिट पर प्रभार | जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक डाइनर्स क्लब / डाइनर्स ब्लैक / इंफ़ीनिया – 1.99% प्रति माह, यानी 23.88% वार्षिक<br>जेट वर्ल्ड – 1.99% प्रति माह, यानी 23.88% वार्षिक (3.49% प्रति माह यानी 41.88% वार्षिक, जनवरी' 17 से प्रभावी)<br>रीगलिया/बिज़नेस रीगलिया/डॉक्टर्स रीगलिया/बिज़नेस रीगलिया फर्स्ट – 2.95% प्रति माह, यानी 35.4% वार्षिक<br>रीगलिया फर्स्ट– 2.95% प्रति माह, यानी 35.4% वार्षिक (3.49% प्रति माह यानी 41.88% वार्षिक, जनवरी' 17 से प्रभावी)<br>अन्य – कार्ड जारी करने पर प्रारंभिक ब्याज दर 3.40% प्रतिमाह यानी 40.8% वार्षिक है, (3.49% प्रति माह यानी 41.88% वार्षिक, जनवरी' 17 से प्रभावी)<br>खर्च, पेबैक और उपयोग के पैटर्न के आधार पर इसमें परिवर्तन हो सकता है. चूक की स्थिति में अधिकतम ब्याज दर 3.5% प्रतिमाह यानी 42% वार्षिक है.<br>स्थाई जमा पर जारी कार्ड – 1.99% प्रतिमाह (23.88% वार्षिक) लेनदेन की तिथि से लागू. | |
| नकद अग्रिम प्रभार | आहरित धनराशि का 2.5% या रु. 300/- जो भी अधिक हो | आहरित धनराशि का 2.5% या रु. 300/- जो भी अधिक हो |
| विलंब भुगतान प्रभार<br>(मूल क्रेडिट कार्ड बिल की धनराशि पर) | <u>विवरण शेषराशि</u><br>रू. 100/- से कम<br>रु. 100/- से रु. 500/- तक<br>रु. 501/- से रु. 5,000/- तक<br>रु. 5001/- से रु. 10,000/- तक<br>रु. 10,001/- से रु. 20,000/- तक<br>रु. 20,001/- और अधिक | <u>विलंब भुगतान प्रभार</u><br>शून्य<br>रु. 100/-<br>रु. 400/-<br>रु. 500/-<br>रु. 500/- (रु. 700/- 1 जनवरी 2016 से प्रभावी)<br>रु. 700/- |
| अधिसीमा खाते पर प्रभार | अधिसीमा धनराशि का 2.5%, न्यूनतम रु. 500/- के अधीन | अधिसीमा धनराशि का 2.5%, न्यूनतम रु. 500/- के अधीन |
| भुगतान वापसी प्रभार | न्यूनतम रु. 450/- के अधीन भुगतान धनराशि का 2% | न्यूनतम रु. 450/- के अधीन भुगतान धनराशि का 2% |
| नकद प्रसंस्करण शुल्क | रु. 100/- (एचडीएफसी बैंक की शाखाओं या एटीएम में जमा कर किए गए सभी कार्ड भुगतानों के लिए) | रु. 100/- (एचडीएफसी बैंक की शाखाओं या एटीएम में जमा कर किए गए सभी कार्ड भुगतानों के लिए) |
| रिवार्ड मोचन शुल्क | प्रति मोचन अनुरोध रू. 75/- (जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक वर्ल्ड / जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक डाइनर्स क्लब डाइनर्स क्लब के अलावा अन्य सभी कार्डों के लिए लागू) | प्रति मोचन अनुरोध रू. 75/- (जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक प्लेटिनम / जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक टाइटेनियम के लिए लागू नहीं) |
| शेषराशि अंतरण प्रसंस्कररण शुल्क | बीटी धनराशि का 2% या रु. 250/- जो भी अधिक हो | बीटी धनराशि का 2% या रु. 250/- जो भी अधिक हो |
| पेट्रोल लेनदेन प्रभार<br>(न्यूनतम रु. 10 के अधीन) | जेट प्रिविलेज एचडीएफसी बैंक डाइनर्स क्लब डाइनर्स क्लब/इन्फीनिया – प्रति बिलिंग चक्र रू. 1000/- पर सीमित ईंधन अधिभार छूट (एसटी लागू).<br>जेट वर्ल्ड, रिगेलिया, डाइनर्स रिवार्ड, जेट प्लेटिनम, ऑल माइल्स, बिजनेस रिगेलिया, डॉक्टर्स रिगेलिया, बिजनेस प्लेटिनम, टाइम्स प्लेटिनम – प्रति बिलिंग चक्र रू. 500/- पर सीमित ईंधन अधिभार छूट (एसटी लागू) अन्य सभी कार्ड – प्रति बिलिंग चक्र रू. 250/- पर सीमित ईंधन अधिभार छूट (एसटी लागू).<br>(15 अगस्त 2014 से प्रभावी पीएसडब्लू पर विवरण स्तर सीमा) 15 अगस्त 2016 से प्रभावी, रिवार्ड पॉइंट्स/जेपी माइल्स ईंधन लेनदनेन पर नही बढ़ेगा. ईंधन अधिभार पर प्रभारित सेवा कर गैर–वापसी योग्य है. | इनके बीच लेनदेन पर छूट :<br>a) रिगेलिया/ बिजनेस रिगेलिया / डॉक्टर्स रिगेलिया के लिए रू. 400/- से 100000/- तक<br>b) अन्य सभी कार्ड के लिए रू. 400/- से 5000/- तक. 15 अगस्त 2016 से प्रभावी, रिवार्ड पॉइंट्स/जेपी माइल्स ईंधन लेनदेन पर नही बढ़ेगा. ईंधन अधिभार पर प्रभारित सेवा कर गैर–वापसी योग्य है. |
| रेलवे टिकट खरीद शुल्क | रु. 30/- + लेनदेन धनराशि का 2.5%. एचडीएफसी पेमेंट गेटवे पर : 1.8% + सेवा कर.<br>अन्य बैंकों के पेमेंट गेटवे पर : दर आईआरसीटीसी वेबसाइट के अनुसार | |
| खो गए, चोरी या नष्ट हो गए कार्ड का पुनर्निर्गमन | रु. 100/- | रु. 100/- |
| आउटस्टेशन चैक प्रसंस्करण शुल्क | रू. 5,000/- तक चेक मूल्य – शुल्क रू. 25/- होगा<br>रू. 5,000/- से अधिक चेक मूल्य – शुल्क रू. 50/- होगा | रू. 5,000/- तक चेक मूल्य – शुल्क रू. 25/- होगा<br>रू. 5,000/- से अधिक चेक मूल्य – शुल्क रू. 50/- होगा |
| विदेशी मुद्रा लेनदेन | 3.5% का बैंक प्रभार क्रॉस करेन्सी मार्क अप (रिगेलिया/ बिजनेस रिगेलिया / डॉक्टर्स रिगेलिया / जेट वर्ल्ड / जेट प्रिविलेज एचडीएफसी डाइनर्स क्लब / डाइनर्स क्लब प्रीमियम के लिए 2%) | 3.5% का बैंक प्रभार क्रॉस करेन्सी मार्क अप<br>(डाइनर्स क्लब रिवार्ड्स के लिए 3.0%) |
| सेवा कर, स्वच्छ भारत उपकर और् षि कल्याण उपकर | समस्त शुल्कों, ब्याज तथा अन्य प्रभारों पर लागू | समस्त शुल्कों, ब्याज तथा अन्य प्रभारों पर लागू |

## 24 घंटे कस्टमर कॉल सेंटर

अहमदाबाद / बेंगलुरु / चेन्नई / दिल्ली व एनसीआर / हैदराबाद / कोलकाता / मुम्बई / पूना – 6160 6161

चंडीगढ़ / कोची / इंदौर / जयपुर / लखनऊ – 6160 616

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | : 99494 93333 | मध्यप्रदेश / | : 98936 03333 | राजस्थान | : 98750 03333 | बिहार / झारखंड / पटना | : 1860 266 6161 |
| असम | : 99571 93333 | छत्तीसगढ़ | | तमिलनाडु / पांडिचेरी | : 98406 73333 | जम्मू और कश्मीर / | |
| गुजरात | : 98982 71111 | महाराष्ट्र (मुम्बई को | : 98906 03333 | उत्तर प्रदेश / | | हिमाचल प्रदेश | |
| हरियाणा | : 99962 43333 | छोड़कर और गोवा | : 99379 03333 | उत्तराखण्ड | : 99359 03333 | (बीएसएनएल लैंडलाइन से टोल फ्री) | : 1800 103 9733 |
| कर्नाटक | : 99458 63333 | ओड़ीसा | : 98153 31111 | पश्चिम बंगाल / सिक्किम / | | मेघालय / त्रिपुरा / | |
| केरल | : 98956 63333 | पंजाब | | अंडमान व निकोबार | : 98310 73333 | नगालैंड / मिजोरम / | |
| | | | | | | अरुणाचल प्रदेश / मणिपुर | |
| | | | | | | (बीएसएनएल लैंडलाइन से टोल फ्री) | : 1800 345 3333 |

**नीचे दिए गए स्थानों के लिए टोल फ्री नं. : 1800 425 4332**

आगरा / अजमेर / इलाहबाद / बरेली / भुवनेश्वर / बोकारो / कटक / धनबाद / देहरादून / एरोड / गुवाहाटी / हिसार / जम्मू और श्रीनगर / जमशेदपुर / झांसी / जोधपुर / करनाल / कानपुर / मदुरई / मंगलोर / मथुरा / मेरठ / मुरादाबाद / मुजफ्फरपुर / मैसूर / पाली / पटियाला / राजकोट /रांची / राउरकेला / सलेम / शिमला / सिलीगुड़ी / सिल्वासा / सूरत / त्रिची / उदयपुर / वाराणसी

यदि आप नहीं चाहते हैं कि आपको हमारे उत्पादों तथा सेवाओं के बारे में कॉल किया जाए तो हमारी वैबसाइट : www.hdfcbank.com पर लॉग ऑन करें और हमारे डोन्ट कॉल रजिस्ट्रेशन विकल्प में रजिस्टर करें.

नवीनतम उत्पन्न विवरण में विलंब भुगतान के लिए प्रभार आरोपित कार्ड खाता नकद प्रसंस्करण शुल्क से मुक्त होगा.



HDFC BANK
We understand your world